# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.)
## कार्यालय समन्वयक, प्री टीचर एज्यूकेशन टेस्ट –2015

website: www.ptet2015.org, www.ptet2015.com. Phone: 0145-2787083, 2787084(Fax)

**अधिसूचना संख्या–01/2015 दिनांक 25.03.2015**

राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में **सत्र 2015–2016** के लिए **बी.एड. पाठ्यक्रम** में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमानुसार होने वाले **प्री टीचर एज्यूकेशन टेस्ट (पीटीईटी) –2015** के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रताः** विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण, जो राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालयों की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो एवं पीटीईटी वेब–साईट पर उपलब्ध दिशा निर्देशिका में उल्लेखित प्रवेश–अर्हताओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र हैं। स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा में सामान्य वर्ग हेतु **न्यूनतम 50 प्रतिशत**, **राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, विकलांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत** अंक वांछित हैं। **वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा** एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। पात्रता परीक्षा अर्थात् स्नातक अंतिम वर्ष अथवा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी **पीटीईटी–2015** के लिए आवेदन कर सकते हैं **बशर्ते उनके कॉउन्सलिंग में भाग लेने के लिए कॉउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि तक बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता प्रदान करने वाली परीक्षा का परिणाम पात्रता प्राप्तांक सहित आ चुका हो तथा अंक तालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो**। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं **कॉउन्सलिंग रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि के पश्चात पात्रता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी इस सत्र में प्रवेश हेतु पात्र नहीं माने जायेंगे चाहे कारण कोई भी रहा हो। आवेदन एवं प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैः–**

| क्र.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाईन आवेदन–पत्रों की उपलब्धता | गुरूवार 26 मार्च, 2015 से |
| 2 | परीक्षा शुल्क की अंतिम तिथि | गुरूवार 16 अप्रेल, 2015 तक |
| 3 | ऑन–लाईन आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि | शनिवार 18 अप्रेल, 2015 तक |
| 4 | प्रवेश परीक्षा | रविवार 17 मई, 2015 दोपहर 02.00 से 05.00 बजे |

**आरक्षणः राजस्थान राज्य के** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, विकलांग, सैनिकों व उनके आश्रितों, तलाकशुदा/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों को नियमानुसार सीटों में आरक्षण उपलब्ध होगा। विस्तृत दिशा–निर्देश एवं अन्य सूचनाएँ वेब–साईट पर उपलब्ध हैं, आवेदक आवेदन करने से पूर्व उनका गहन अध्ययन करें।

ऑन लाईन आवेदन–पत्र, भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाईट **www.ptet2015.com** एवं **www.ptet2015.org** पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रियाः–** आवेदन **On-line Application Form** में लिये जाएगें, जिन्हें राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.) के माध्यम से भरा जा सकता है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा रूपये 30/– (रूपये 20/– आवेदन–पत्र भरने हेतु और रूपये 10/– परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रूप में देनी होगी। आवेदक यदि स्वंय के स्तर पर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना चाहता है, तो वह ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र पर केवल परीक्षा शुल्क जमा कराकर पीटीईटी की वेबसाइट **www.ptet2015.com** या **www.ptet2015.org** से स्वयं आवेदन भर सकता है। इस स्थिति में उसे वहाँ परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु मात्र रूपये 10/– ही सेवा शुल्क देना होगा। ऑन–लाइन आवेदन–पत्र को भरने के लिये अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेब–साइट पर उपलब्ध है। कियोस्क द्वारा आवेदन भरवाने पर आवेदक को रूपये 20/– की रसीद पृथक से कटवानी होगी। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र किसी भी रूप मे विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे**। परीक्षा शुल्क ई–मित्र के माध्यम से ही स्वीकार होगा अन्य माध्यम से स्वीकार्य नहीं होगा।

**ऑनलाईन आवेदन पत्रः–**ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिन्ट लें एवम् परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के समय चयन किये गये जिलों पर ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक पी.टी.ई.टी. 2015 का निर्णय अंतिम होगा।

**आवेदन एवं परीक्षा शुल्कः** आवेदक परीक्षा शुल्क राशि **रूपये 500/– (रुपये पाँच सौ मात्र)** राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से जमा करावें। आवेदन पत्र भरने का निर्धारित शुल्क एवं परीक्षा शुल्क की राशि ई–मित्र किस्योक या जन सुविधा केन्द्र द्वारा केवल नकद राशि में स्वीकार की जावेगी। परीक्षा शुल्क जमा कराते समय अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम, वर्ग एवं जन्म तिथि भरेगा। शुल्क जमा कराने के उपरान्त कम्प्यूटर द्वारा टोकन नं. जारी किया जावेगा, वह एक रसीद का कार्य करेगा। साथ ही साथ यह टोकन नं. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अंकित (Enter) करना अनिवार्य होगा। टोंकन नं अंकित (Enter) किये बिना ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रदर्शित नही होगा।

नोटः– परीक्षार्थी अपना मोबाईल नं. सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS) के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके।

**पीटीईटी कार्यालय समय :** कार्य दिवस पर : सांय 4.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे एवं अवकाश (रविवार/घोषित अवकाश) के दिन प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक।

**समन्वयक, पीटीईटी – 2015**